दैनिक
# मेरठ दर्पण
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
वर्षः 05 अंक 347 मेरठ,सोमवार 05 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........

एक लाख से ज्यादा (सोशल मीडिया) पाठकों के साथ
दैनिक मेरठ दर्पण परिवार
मेरठ की खबरों से रहे अपडेट हमारे साथ।
अपने क्षेत्र की खबर/ समस्या हमे भेजे हम करेगे प्रकाशित
mrtdarpan@gmail.com meerut darpan
9897419837 meerut darpan news
meerutdarpan.com

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वृक्षारोपण करें: प्रभारी मंत्री

## ❑ राम वन गमन मार्ग और भगवान श्री कृष्ण की धरती ब्रज को वृक्षारोपण से आच्छादित किया जा रहा: ऊर्जा मंत्री

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री पं. श्रीकान्त शर्मा ने वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण सप्ताह में प्रभारी जिले मेरठ के निरीक्षण भवन में रविवार को वृक्षारोपण किया। उन्होंने बेहतर पर्यावरण, अच्छे स्वास्थ्य एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महाअभियान का हिस्सा बनने की लोगों से अपील की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस अभियान को वृक्षारोपण जनांदोलन बनाकर मेरठ जनपद में 31.70 लाख से अधिक और प्रदेश में 30 करोड़ से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य पूरा करें। प्रभारी मंत्री श्रीकांत शर्मा ने मेरठ के सर्किट हाउस में पौधारोपण कर महा अभियान का शुभारंभ कियाद्य उन्होंने कहा कि आज एक ही दिन में पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड 25 करोड़ और मेरठ में 26.59 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। यह लक्ष्य आप सबके सहयोग से ही पूरा होगाद्य उन्होंने कहा कि फलदार-छायादार वृक्ष लगाएं और उसके संरक्षण का संकल्प लें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर जनसहयोग से हर वर्ष रिकॉर्ड पौधरोपण कर प्रदेश को हरियाली से आच्छादित करने की दिशा में तेजी से प्रयास हो रहे हैं। वर्ष 2017 में वर्तमान सरकार के आह्वान पर जनसहयोग से 05 करोड़ वृक्षारोपण, वर्ष 2018 में 11 करोड़ वृक्षारोपण, वर्ष 2019 में 22 करोड़ वृक्षों के रोपण के लक्ष्य को पूरा किया। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद एक दिन में प्रदेश में 25 करोड़ से अधिक वृक्ष लगाये गये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्ष 2021 में वन महोत्सव के दौरान 30 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने अपील की कि ग्रामीणों के सहयोग से व्यापक प्रयास करना है। वृक्ष लगाने के साथ ही उसके संरक्षण का भी संकल्प पूरा करना है। कोरोना महामारी से दिवंगत हुए लोगों की स्मृति में ग्राम पंचायतों में पौधे रोपित किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 30 करोड़ पौधे निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए महाअभियान को सफल बनायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वृक्षों को लगाने के बाद इनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसके लिए थर्ड पार्टी ऑडिट और जितने भी वृक्ष लगाए उसमें 75 से 80 प्रतिशत वृक्षों को जियो टैगिंग से जोड़ने के कार्य को गंभीरता से करें। जिससे वृक्षों को टैबलेट या स्मार्ट फोन से भी देखा जा सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जल्दी कचौरी लेने के विवाद में हलवाई ने डाला युवक पर गरम तेल



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में दुकान पर कचोरी लेने गए युवक का हलवाई से विवाद हो गया। दोनों में मारपीट के बाद हलवाई ने पिता और नौकर के साथ मिलकर युवक पर गर्म तेल डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित फरार हो गए। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने तहरीर दे दी है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर निवासी नौशाद रविवार दोपहर घर के पास स्थित तहसीन की दुकान पर कचौरी लेने गया था। उसने जल्दी कचौरी देने के लिए कहा तो दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो मारपीट में बदल गई। दुकान पर मौजूद तहसीन के पिता और नौकर ने भी युवक से मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि उन्होंने नौशाद पर गर्म तेल फेंक दिया, जिससे उसका सिर, चेहरा और छाती झुलस गए। चीख-पुकार पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपित हाथ नहीं आए। थाना प्रभारी प्रशांत कपिल ने बताया कि युवक का उपचार कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को दबोच लिया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजना ठाकुर नानू नहर पहुंचकर घटना का लिया जायजा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजना ठाकुर नानू नहर पुल पर पहुँची। वहाँ कल 03 जुलाई को लगभग शाम 4 बजे जिला बागपत के ग्राम दोघट निवासी अभी 18 सुपुत्र धर्मेन्द्र की नहर में नहाते वक्त पर फिसल जाने से नहर में डूब गया। जिसकी खोज एनडीआरएफ व जिला प्रसासन दो दिन से कर रहे है परन्तु अभी तक अभी का कुछ भी पता नही चल पाया है । अभी की डूबने की खबर सुनते ही जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संजना ठाकुर, जिला प्रवक्ता कमलजीत सिंह गुर्जर के साथ नानू नहर पर पहुँची ओर घटना का जायजा लिया। तथा क्षेत्रीय लोगों से घटना की पूर्ण जानकारी ली।

# लापता छात्रा नोएडा में मिली, परिजनों ने पुलिस का आभार जताया



**मेरठ दर्पण-कंकरखेड़ा।** एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को उनकी 13 वर्षीय बेटी ट्यूशन जाते समय लापता हो गई थी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में छात्रा की तलाश की थी। मगर सफलता नहीं मिली। परिजनों ने देर शाम थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रविवार सुबह करीब चार बजे छात्रा को नोएडा से सकुशल बरामद कर लिया। छात्रा के परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि बाइक सवार दो युवकों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर उसे बेहोश कर दिया था।

# मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान से होगी पर्यावरण में वृद्धि: प्रदीप कुमार

**मेरठ दर्पण- बागपत।** महिला शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान के तत्वाधान में मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान की शुरुआत की गयी। संगठन के सचिव प्रदीप कुमार कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान पर्यावरण-वन संरक्षण में और जागरूकता के लिए अहम साबित होगा। यह अभियान 5जुलाई से 11जुलाई तक संयुक्त अभियान मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान शुरू किया जा रहा है, आज पास के सभी शहरवासी तथा ग्रामवासी से अपील की जाएगी कि गुठली वाले फलों को खाने के बाद उनकी गुठलियों को फेंके नहीं, बल्कि उन्हें लाकर हमें दें। सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत हमारा संगठन अभ्युदय पौधशाला तथा राधा नर्सरी




पौधशाला बड़ौत में 5जुलाई से 11जुलाई तक प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दस बजे तक बैठेगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति गुठलियां जमा करा सकता है या हमारे कार्यालय पर भी जमा करा सकता है।
यदि आपके पास 200 गुठली से ज्यादा है तो संगठन टीम के सदस्य उनके बताए गए स्थान से जाकर ले आयेगे इसके लिए उन्होंने 7451005500 नंबर की सुविधा भी लश्वन्द की है।



पंजाब के जालंधर में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओ को लेकर स्थानीय पत्रकारों के साथ एक बैठक जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया संस्था की सलाहकार समिति की सदस्य राजकुमारी जी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।जिसमे महाराष्ट्र की तरह हर प्रदेश मे जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने की मांग पर सहमति बनी।

## कंकरखेड़ा में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** कंकरखेड़ा क्षेत्र में रविवार को अनुसूचित मोर्चा के भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष हंसराज का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेता विनय विरालिया ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों को सभी के घर–घर जाकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाना चाहिए। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो हमारे समाज के लिए सोचती है। उसे आगे बढ़ाने का काम करती है।

## स्वामी विवेकानंद जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर सात कुंड यज्ञ का आयोजन

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** सेवा भारती सावरकर भाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर सात कुंड यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से युवा एवं किशोर नोजवानों को आमंत्रित किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा डश्वक्टर सत्य बंधु गुप्ता व सतीश उपाध्याय रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश गौड़ ने बताया कि  तत्कालीन अंग्रेजी शासकों ने भारतवर्ष और हिंदू संस्ति सभ्यता की छवि पूरे विश्व समुदाय में गौण कर रखी थी उस समय शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के माध्यम से  स्वामी विवेकानंद जी महाराज ने हिंदू धर्म हिंदू संस्ति व भारतीय परंपरा की दुंदुभी पूरे विश्व में बजाई संपूर्ण यूरोप स्वामी विवेकानंद जी के दर्शन से प्रभावित हुआ  ऐसे स्वामी विवेकानंद जी महाराज का निर्वाण 4 जुलाई 1902 को रात्रि 7रू30 बजे को हुआ  कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील जैन एवं संचालन अमित वर्मा ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक मंडल के जितेंद्र जैन प्रशांत शर्मा देवेंद्र कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा


# सुभारती विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जी को किया गया नमन




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्ति विभाग द्वारा विचार गोष्ठी एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। संस्ति विभाग के साधक एवं सुभारती विश्वविद्यालय के सहायक रजिस्ट्रार विवेक संस्ति ने कहा कि स्वामी जी के जीवन का प्रत्येक पहलू हमें प्रेरणा और ऊर्जा देता है। स्वामी विवेकानन्द जी ने ना केवल भारत में बल्कि विश्व में इस बात का झंडा बुलंद किया कि भारत विश्व गुरु था और विश्व गुरु रहेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके संपूर्ण जीवन एवं जीवन के मुख्य घटनाक्रमों से सभी आगंतुकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानन्द शिक्षा के माध्यम से समाज की दशा बदलने के रास्ते पर युवाओं का मार्ग दर्शन किया करते थे और स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्वामी जी के ही आदर्शों को आत्मसात करके समाज में शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता की भावना को रोपित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्ति का संरक्षण तो है ही एवं युवाओं को स्वामी जी के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सांस्कृतिक विरासत को अपने छात्र छात्राओं को सौंप कर उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने विशेष बताया कि विश्वविद्यालय समय समय पर गरीब बेहसहारा लोगो के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके समाज के हर व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग प्रत्येक माह हर महापुरूष की जयंती एवं पुण्यतिथि को सुभारती दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय के तमाम कश्वलिजों एवं विभागों की इमारतें ,सड़के, तिराहें विभिन्न महापुरूषों के नाम पर स्थापित है। जिसका मुख्य उद्देशय छात्रों को अपने महापुरूषों से परिचत कराकर भारतीय संस्ति से रूबरू कराना है। कार्यक्रम में शहीद ग्राम पांचली के अवनीश चपराना एवं नवीन चपराना ने भी अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय प्रांगण में रहने वाले परिवार जनों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन संस्ति विभाग के सहायक विभाग अध्यक्ष कुलदीप नारायण ने किया। इस अवसर पर अभिषेक चौधरी, सत्येंद्र कुमार, मातादीन, रिंकू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत गार्गी गर्ल्स स्कूल के सहयोग से वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल व  पीयूष गोयल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जीवन जीने के लिए अति आवश्यक है क्योंकि वृक्षारोपण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। मुख्य वक्ता मेरठ कॉलेज के बॉटनी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पंजाब सिंह मलिक ने बताया कि पेड़ – पौधे हमारे सबसे अच्छे मित्र होते हैं। पेड़ – पौधे हमें प्राणवायु देते हैं जिसके अहमियत को कोरोना काल में महसूस भी किया है। वृक्षारोपण कर हम अपना जीवन सुरक्षित




करते हैं क्योंकि हमारे जीवन काल में पेड़ों की भूमिका महत्वपूर्ण है। डा. मलिक ने मेरठ कॉलेज में करी जा रही विभिन्न प्रजातियों की मशरूम खेती की विस्तृत जानकारी दी। जिंदगी के हर पड़ाव पर पेड़ – पौधे हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है और पेड़ पौधों की नियमित देखभाल करने से मानसिक तनाव दूर होता है गार्गी गर्ल्स स्कूल की उप – प्रधानाचार्या डॉ. वाघमिता त्यागी ने सभी को वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण की शपथ दिलाई। एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. शैल शर्मा ने कार्यशाला का संचालन किया। प्रधानाचार्या डॉ. अनुपमा सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वेबिनार में विपुल सिंघल, प्रिंस अग्रवाल एवं गार्गी गर्ल्स स्कूल की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राज्यमंत्री सुनील भराला आज शहर भर में विभिन्न जगह हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में पहुचे

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से प्रदेश व्यापी सेवा संकल्प तथा वृक्षारोपण कार्यक्रमों को तेज गति देते हुए आज मेरठ शहर विधानसभा के अग्रसेन मंडल सहित विभिन्न जगह में उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्षध राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रसेन मंडल के भाजपा अध्यक्ष ,सभासद पूनम गुप्ता ,सभासद कालिया तथा ब्रजभूषण गुप्ता और कार्यक्रम के आयोजक तरुण गुप्ता ,आकाश अग्रवाल ने किया उसके उपरांत मेरठ शहर अग्रसेन मण्डल में कोरोला काल मैं आयी आपदा के कारण से परिवारों में हुई मृत्यु के बाद ऐसे परिवारों में जाकर राज्यमंत्री सुनील भराला ने दुख साझा किया साथ ही परिवारों में श्रम कल्याण परिषद की योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देश दिए है, इस दौरान उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के सदस्य



राजकुमार कौशिक भी मौजूद रहे, उसके उपरांत भी जिला चिकित्सा अधिकारी के द्वारा CHC भूडबराल परतापुर में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा स्वामी विवेकानंद जी के नाम से वृक्षारोपण किया तथा गाँव दायमपुर प्राइमरी पाठशाला में पहुचकर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ तथा विद्यालय में गंदगी को देखकर के भड़के राज्यमंत्री सुनील भराला ने तत्काल बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है यहाँ तत्काल साफ–सफाई कराई जाए वही उसके उपरांत भूडबराल CHC में वृक्षारोपण कराया गया इस अवसर पर पंडित सुनील भराला, अध्यक्ष राज्यमंत्री श्रम कल्याण परिषद ने  बोलते हुए कहा की जो CHC में वृक्ष लगाए गए हैं वन रक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद तथा डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के नाम से परवरिश किया जाएगा और हम इन वृक्षों को माह में दो बार देखने व देखभाल करने वालो से मिलने का कार्यक्रम भी अवश्य रखेंगे और उनकी देख रेख करेंगे। आपको बतादे के कोरोना काल में जिस प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ने हमें यह सिखाया है कि वृक्ष की क्या हैसियत है इसलिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है मैं सभी नागरिकों से अपील करूँगा कि वो अपने जीवन में  दो–दो वर्ष जरूर लगाए ताकि हमें ऑक्सीजन की कमी कभी भी महसूस न हो और प्लान्टेशन से ही हमें ऑक्सीजन मिलेगी यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए और सेवा का कार्य भी होना चाहिए। इसी अवसर पर भराला ने कहा कि विपक्ष अपने गिरेबान में झांके जब सपा और बसपा की सरकार हुआ करती थी और लोकतंत्र की हत्या करके जिला पंचायत, ब्लॉक प्रमुख चुनाव कराया कराया जाता था, हमारी सरकार ने निष्पक्षता से चुनाव कराए है, भारतीय जनता पार्टी निष्पक्षता में विश्वास रखती है सपा बसपा कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या कर दी है ,भराला ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के सपने देखना बंद करें और जनता के बीच में सेवा का कार्य करें तो जनता में जो भरोसा खो गया है उसे वापस लाने में समय लगता है और विश्वास जगाना पड़ता है , हम तो सेवासंकल्प के साथ कार्य करते हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सीट जीतने पर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल ने केंद्र राज्य मंत्री संजीव बालियान को किया सम्मानित





**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** 'पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजू अग्रवाल द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान के आवास जाकर जिला पंचायत अध्यक्ष डश्वक्टर वीरपाल निर्वाल के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर मंत्री द्वारा इस सीट को जिताने में की गई मेहनत के लिए बुके देकर सम्मानित किया। अंजू अग्रवाल द्वारा ।2 स्थित मंत्री संजीव बालियान के आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी और नगर विकास के कई मुद्दों पर अहम चर्चा की मंत्री द्वारा पालिका अध्यक्ष को आश्वासन दिया गया की वह तीन-चार दिन में जब दोबारा शहर में आएंगे तो उन्हें अपने साथ ले जाकर कई जगह का भ्रमण करेंगे इसके अलावा भी अनेक मुद्दों पर दोनों जनप्रतिनिधियों में वार्ता हुई इस अवसर पर सभासद पवन चौधरी स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी एसके बिट्टू आदि मौजूद रहे।

# जे एस एकेडमी में किया गया पौधारोपण




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जे एस एकेडमी में पौधारोपण किया गया। जिस कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती ज्योत्सना गुर्जर, श्वेता वर्मा आरटीओ, अनुभूति चौहान, विद्यालय के संरक्षक अनिल गर्ग, प्रबंधक निदेशक राजेश सिसोदिया, एस्टेट मैनेज अनंतकीर्ति नागर, उपप्रधानाचार्य डा पल्लवी शर्मा तथा मनोज बनर्जी उपस्थित रहे। सभी ने अनेक प्रकार के पौधे लगाए साथ ही यह शपथ भी ली की वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

# 'एक्शन ऐड़ इंडिया की मौहल्ला क्लास, जगा रही है शिक्षा की अलख'

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** एक्शन ऐड़ इंडिया द्वारा मानव अधिकार रक्षकों के प्रशिक्षण के समापन पर बीएसए और जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिले में मौहल्ला क्लास चला रहे शिक्षा प्रेरको को यूनिसेफ एवं संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एक्शन ऐड़ इंडिया के जिला समन्वयक कमर इंतेखाब ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चल रही सरकारी योजनाएं और मानव अधिकारों के मुद्दों पर प्रेरको की समझ विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि जिले के 6 विकास खंडों के करीब 2 दर्जन गांवों में 25 से अधिक मौहल्ला क्लास चलाई जा रही है। पिछले दो सालों से महामारी में स्कूल बंद है और बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। ऐसे समय मे संस्था के शिक्षा प्रेरको ने अपने गाँवो व मोहल्लों में बच्चो को मुफ्त शिक्षा देने के लिए मौहल्ला पाठशालाएं संचालित कर रखी है। जो अपने स्तर से शिक्षा की अलख जिले जगा रहे है। बेसिक शिक्षा अधिकारी मायाराम



ने कहा कि हर्ष होता है जब कोई संस्था अपने स्तर से इस तरह के प्रयास करती है। आज मुजफ्फरनगर की ये मौहल्ला क्लास पूरे उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गयी है। इसी का नतीजा है कि अब दूसरे जिले भी ऐसे ही प्रयास कर रहे है। इसके लिए संस्था बधाई की पात्र है जो उन्होंने ऐसे प्रयास जिले में किये है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मुहम्मद मुश्फेकीन ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज हम ऐसे प्रेरको को सम्मानित कर रहे है जो शिक्षा जैसे अहम मुद्दे पर अपने-अपने गांवो, मौहल्लों में कार्य करते हुए बच्चो को पढ़ा रहे है। आशा करते है कि सभी प्रेरक प्रोबेशन विभाग से संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी जिले में करेंगे। लखनऊ से आये संस्था के प्रोग्राम मैनेजर फराज अली ने कहा कि संस्था हमेशा वंचित वर्ग से जुड़े हर मुद्दे पर उनकी आवाज उठाती है। मौहल्ला पाठशाला चलाने में प्रेरको ने अपना अहम योगदान दिया है जो ने केवल संस्था को गौरान्वित करता है बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम अधिकारी अर्पित ने बताया कि हमने शुरूआत एक दो जगहों से की, लेकिन बच्चो की लगन और प्रेरको की रुचि से आज हम 25 से अधिक कम्युनिटी क्लासेस जिले में संचालित कर रहे है।

# वृक्ष मानव का मित्र है जो हर क्षेत्र में साथ देता है: अंशु अग्रवाल



**मेरठ दर्पण-मैसूर।** अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन मैसूर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोयन किया गया। संगठन की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल ने कहा कि शद्ध प्राण वायु सबका अधिकार है और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वायु उपलब्ध करवाना हमारा कर्तव्य है, हमने कोरोना काल में अपने बहुत से परिचितों को अश्वक्सीजन की कमी से तड़पते मरते देखा है, आने वाले समय में हमें इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए अभी से प्रयत्न करने होंगे। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि क्यू ना हम अपने गांव , शहर और राज्यों में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करें जिससे आने वाले समय में एक स्वस्थ पर्यावरण मिल सके। पौध ाारोपण कार्यक्रम में संगठन कार्यकर्त्ताओं में बच्चों के द्वारा पौधारोपण करवा कर स्वस्थ पर्यावरण की दिशा में एक सकारात्मक शुरुआत की। कार्यक्रम में सदस्यों और उपस्थित व्यक्तियों को संस्था ने पौधे भी प्रदान किए जिससे की सभी लोग अपने आस पास पौधे लगाए और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने में सहयोग कर सकें। इस अवसर पर अंशु अग्रवाल, पूजा मोदी, दीपा जालूका, बजरंग खेमका, उषा केडिया, कुमुद खेमका , सरोज चौखानी, सुभाष चौखानी, अंकुर अग्रवाल , अनिल मोदी ,राजीव केडिया ,अरूण जालुका , श्रीमती सुमन मित्तल, संगीता पंसारी, विनीता बंसल, किरण मित्तल ,विभोर जैन , वर्षा जैन उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव महा अभियान में लक्ष्य के सापेक्ष 100.16 प्रतिशत वृक्षारोपण किया गया

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जनपद मे वन महोत्सव महा अभियान में लक्ष्य के सापेक्ष 100.16 प्रतिशत वृक्षारोपण किया गया हैद्य दुधली वन क्षेत्र हस्तिनापुर में आयुक्त, जिलाधिकारी, जिला वन अधिकारी आदि ने वृक्षारोपण कर जनपद में वन महोत्सव का शुभारंभ किया व आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए कहा। आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्ष जलवायु परिवर्तन में सहायक हैं , सभी लोग अच्छे वातावरण व स्वास्थ्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें । वहीं जिलाधिकारी के बालाजी ने कहा कि वृक्ष धरती का गहना है सभी आगे आकर अधि ाक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करेंद्य उन्होंने बताया कि जितने भी पौधे लगाए जा रहे हैं उनकी जियो टैगिंग भी कराई जाएगी साथ ही निगरानी समितियों के माध यम से उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला वन अधि ाकारी राजेश कुमार ने बताया कि जनपद का 04 जुलाई का लक्ष्य 258 5700 है जिसके सापेक्ष 259 0095 वृक्षारोपण किया




गया है जोकि 100.16 प्रतिशत हैद्य उन्होंने बताया कि इसमें विभिन्न विभागों व वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया गया है यह वृक्षारोपण 5500 से अधिक साइट पर किया गया है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह का जनपद का वृक्षारोपण का लक्ष्य 31.74 लाख है द्य उन्होंने बताया कि एक बड़े वृक्ष से करीब 222 लीटर ऑक्सीजन प्रतिदिन मिलती है इस प्रकार आज के लक्ष्य के सापेक्ष कराए गए वृक्षारोपण से 5750 लाख लीटर ऑक्सीजन प्रतिदिन मिलेगी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से बनाए गए मोबाइल ऐप अर्क जीआईएस क्विक कैप्चर पर सभी वृक्षारोपण की ऑनलाइन रियल टाइम फोटो अपलोड कराई गई है द्य उन्होंने बताया कि सभी पौध ाारोपण का जियो टैगिंग कराया जाएगा द्य जनपद में निगरानी समिति का गठन कर लिया गया है तथा ब्लॉक लेवल पर भी निगरानी समिति गठित कर इनका संरक्षण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधि ाकारियों व कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा भी वृक्षारोपण जन आंदोलन के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** संपूर्ण उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का लक्ष्य है प्र ति हरी भरी रहे और सभी स्वस्थ रहे उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए जनपद मुजफ्फरनगर में प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री द्धस्वतंत्र प्रभारऋ कपिल देव अग्रवाल ने श्वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021श के अंतर्गत जनपद मुजफ्फरनगर में महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कश्वलेज के प्रांगण तथा प्राथमिक विद्यालय कूकड़ा में पौधे रोपित किये।द्धइसके अलावा प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कपिल देव अग्रवाल ने वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021श के अंतर्गत आज जनपद





मुजफ्फरनगर में बिंदल पेपर्स मिल्स लिमिटेड में वृक्षारोपण किया। उनके साथ मे क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंकित सिंह, राकेश बिंदल एवं अन्य गणमान्य आदि उपस्थित रहे। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जनपद वासियों से अपील की है कि सभी ज्यादा से ज्यादा इस में प्रतिभाग करें और इस अभियान से जुड़कर प्रदेश को हरा-भरा बनाने में अपना सहयोग दें। डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट अश्वफिसर ने जानकारी देते हुए बताया वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021 के अंतर्गत आज जनपद में 25 लाख 06 हजार 400 पौधे लगाए गए है वहीं दूसरी और **राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा भी वृक्षारोपण जन आंदोलन के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण** केंद्रीय राज्यमंत्री और मुजफ्फरनगर के सांसद डश्व संजीव बालियान के आवास पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे नवयुवकों ने करोना की वजह से स्थगित की गई मुजफ्फरनगर में प्रस्तावित सेना की भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने का अनुरोध किया। इस संबंध में मंत्री जी द्वारा सेना के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई तथा उनके द्वारा जल्द ही मुजफ्फरनगर में होने वाली भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया गया।

## आज नौ जगहों पर लगेगी कोरोना निरोधक वैक्सीनेशन

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए कोविड-19 क्लस्टर टीकाकरण अभियान के तहत आज सोमवार को मोरना, ककराला व चौरावाला में कोरोना निरोधक वैक्सीन लगाई जाएगी। नेहरू युवा केंद्र से जुड़ी युवतियों ने सावधानी पूरी वैक्सीन भी जरूरी लिखी अपील हाथों में लेकर 18 वर्ष से ऊपर की आयु के लोगों से कोरोना निरोधक वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि 18 वर्ष या उससे ऊपर के आयु के सभी लोगो को कोरोना निरोधक वैक्सीन लगवाने के लिए गांव में सघन क्लस्टर टीकाकरण अभियान चलाया गया हैं, जिसके तहत सोमवार को मोरना, ककराला व चौरावाला में प्राथमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र समेत नौ जगहों पर 18 वर्ष से ऊपर की आयु के लोगों को कोरोना निरोधक वैक्सीन लगाई जाएगी। नेहरू युवा केंद्र की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीति पाल के संयोजन में प्रियांशी सिंघल व मनस्वी वर्मा ने सावधानी पूरी वैक्सीन भी जरूरी लिखी अपील हाथों में लेकर ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे कोरोना संकमण से बचने के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं।

# कपिल देव अग्रवाल ने मंजूर कराई 15.77 करोड़ की सड़कें

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर मंत्री कपिल देव ने जनपद में 15.77 करोड़ की सड़क कराई स्वी त। जनपद मुजफ्फरनगर में दिल्ली नीतिपास मार्ग द्धमुजफ्फरनगर शहरी प्रभागऋ के कि0मी0 1 द्धगुप्ता् रिसोर्ट से वहलना चौकऋ एवं कि0मी0 9 से कि0मी0 11.600 तक मार्ग चौड़ीकरण, सु ढ़ीकरण, आर0सी0सी0 नाला एवं बाक्सर कल्वेर्ट का निर्माण कार्य लम्बे समय से प्रस्तावित था। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव ने जनपद के 15.77 करोड़ रूपये की लागत वाले मुख्य मार्ग द्धगुप्ता् रिसोर्ट से वहलना चौकऋ मार्ग चौड़ीकरण, सु ढ़ीकरण, आर0सी0सी0 नाला एवं बाक्सर कल्वेर्ट का निर्माण कार्य की स्वी त कराई हैं। इस लागत के सापेक्ष 03.94 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त की गयी हैं इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जायेगा। इस मार्ग पर अनेक बडे उद्योग होने के कारण व्यवसायिक वाहनों के आवागमन में भी भारी असुविधा होती है, इसलिए इसका चौड़ीकरण कराये जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। अपने गाँधी नगर स्थित आवास से जानकारी देते हुए कपिल देव ने बताया कि सड़क निर्माण की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा स्वी ति दी गई है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही सड़क के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने सभी सडकोध्मार्गो को मुख्य सड़क से जोड़कर आवागमन की सुविधा बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर चला रखा है। आने वाले समय में एक भी गांव सड़क से वंचित नहीं



रहेगा। मंत्री कपिल देव का कहना है कि प्रत्येक क्षेत्र में विकास को भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सड़कों के निर्माण से जनपदवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और हादसों पर भी नियंत्रण होगा। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप विकास कार्य कराने मेरी प्राथमिकताओं में सम्मिलित हैं।

## अवैध तमंचे व कारतूसों सहित एक युवक को दधेड़ु चोकी इंचार्ज सजंय राणा ने किया गिरफ्तार



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना प्रभारी एमपी सिंह के नेतृत्व में ग्राम सिंगलपुर मार्ग से दध ेड़ू चौकी इंचार्ज संजय राणा ने गश्त व चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी करायी तो उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने पुलिस को बताया कि वह घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या को अंजाम देने की फिराक में था उसने बताया कि यह तमंचा उसे 2013 दंगो के दौरान अपनी सुरक्षा के लिए उसके मृतक पिता ने दिया। पकडे गये आरोपित ने अपना नाम राशिद पुत्र यूसुफ निवासी न्याजुपुरा मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## केन्द्रीय मंत्री डा संजीव बालियान से किया सेना की भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने का अनुरोध



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय राज्यमंत्री और मुजफ्फरनगर के सांसद डॉ संजीव बालियान के आवास पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे नवयुवकों ने करोना की वजह से स्थगित की गई मुजफ्फरनगर में प्रस्तावित सेना की भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने का अनुरोध किया। इस संबंध में मंत्री जी द्वारा सेना के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई तथा उनके द्वारा जल्द ही मुजफ्फरनगर में होने वाली भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।